समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# बिहार मे ऑरेजं अलर्ट, दिल्ली NCR मे छाए रहेगें बादल, जानिए यूपी, राजस्थान समेत देश का मौसम।

Publisher

Published on 13 May 2025




## बिहार के कई जिलों मे आज ऑरेजं अलर्ट जारी किया गया है. दिल्ली-एनसीआर मे आज आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते है. जानिए यूपी, राजस्थान समेत देशभर मे मौसम का हाल.

दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ने लगा है. कई जगहों पर पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है. इसी बीच मौसम विभाग ने आज का पूर्वानुमान जारी किया है. आईएमडी के मुताबिक, आज उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बारिश और आंधी की संभावना है, जबकि पूर्वोत्तर भारत में हीटवेव का खतरा बना हुआ है. दक्षिण भारत में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है.

दिल्ली-एनसीआर में आज कैसा रहेगा मौसम ?
दिल्ली-एनसीआर में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार, हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे तापमान में मामूली राहत मिलेगी. इसके साथ ही अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है.

उत्तर प्रदेश में आज बारिश का अनुमान
उत्तर प्रदेश में आज मौसम का मिजाज मिला-जुला रहेगा. पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14 मई से लू की शुरुआत हो सकती है. आज हल्की बारिश और तेज हवाओं (40-50 किमी/घंटा) की संभावना है. उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की उम्मीद है, मौसम विभाग ने बिजली

गिरने की भी चेतावनी भी जारी की है.

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज कैसा रहेगा मौसम ?
हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बहुत हल्की बारिश की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने की वजह से मौसम ज्यादातर शुष्क रहेगा. शिमला और देहरादून में तापमान 25-30 डिग्री के बीच रहेगा.

राजस्थान मौसम का हाल
पश्चिमी राजस्थान में 15 मई से लू चलने का अनुमान है, लेकिन आज मौसम आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है.

बिहार के कई जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट
बिहार के कई जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. पूर्वी चंपारण, नवादा, जमुई, बांका, शिवहर, मधुबनी में लू की स्थिति बन सकती है.

झारखंड में आज से लू की हो सकती है शुरुआत
झारखंड में आज से लू की शुरुआत होने की संभावना है. रांची और आसपास के क्षेत्रों में तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा. कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश हो सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.